FROM No.III

**फर्द अहकाम**

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलेक्टर एवं SDO मुकाम पायडु

अमराराम बनाम नारायणराम फोटा

किस्म मुकदमा रा० अपील 111, 128 RLRAct नं. 104/21 सन् 2021

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 29/06/2021 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री रेवताराम जाखड़ ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा 111, 128 RLRAct राजस्थान काश्तकारी/भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी /प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 16/08/2021 को पेश हो। [signature] सहायक कलेक्टर (SDO) पायडु | |
| 16/08/2021 | प्रार्थी वकील उपस्थित/विप्रार्थीगणों के नोटिस तामिल होकर तामिल अप्राप्त/इन्तजार होकर पत्रावली दिनांक 20/10/2021 को पेश हो/ [signature] सहायक कलेक्टर (SDO) पायडु | |
| 20/10/2021 | प्रार्थी वकील उपस्थित/विप्रार्थीगणों के नोटिस तामिल शुदा प्राप्त जिसे शामिल पत्रावली किया गया/ ... पीठासीन अधिकारी प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021 कैम्पों में व्यस्त होने से ... होकर आगामी दिनांक 08/02/2022 को पेश हो/ | |

08/02/2022 प्रार्थी वकील उपस्थित / विपक्षीगण / बावजूद तामील अनुपस्थित / न्यायालय समक्ष तीन बार आवाज लगाई गई अंतिम आवाज 5.45 pm पर लगाई गई विपक्षीगण स्वयं या उनकी ओर से कोई अधिवक्ता या अभिभावक कोई उपस्थित नहीं हुआ लिहाजा विपक्षीगणों के विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। हेतु वास्ते बहस पत्रावली दिनांक - 23/03/2022 को पेश हो।

सहायक कलक्टर
(SDO) जायतु

| अज | तारीख हुक्म |
| --- | --- |
| | 23/03/2022 |

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बायतु (बाड़मेर) मुकाम बायतु

| तारीख हुक्म | **हुक्म** कार्यवाही **मय** इनिशियल्यस **जज** | नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 23/03/2022 | प्रार्थी वकील उपस्थित/ विप्रार्थीगण बावजुद तामिल अनुपस्थित/ प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई, प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खातेदारी खेत सेढ़ा सेढ़ आए हुए है। प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खेत की सीमाओं पर पुरानी माढे एवं कणे बने हुए थे जो वर्तमान में आंधियों की वजह से बिखर गए है जिससे प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के बीच खेत की सीमाओं को लेकर हमेशा विवाद बना रहता है इस कारण प्रार्थी को अपने खेत की सीमाओं का सही ज्ञान करवाने बाबत नेखमबंदी करवानी आवश्यक है इसलिए प्रार्थी के नेखमबंदी आवेदन को स्वीकार किया जाकर नेखमबंदी आदेश किया जावें।<br>अतः प्रार्थी अधिवक्ता के निवेदन पर प्रार्थी का नेखमबंदी आवेदन स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गिड़ा को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि आप स्वंय या अपने अधीनस्थः भू. अ. निरीक्षक से प्रार्थी के खातेदारी खेतों की पक्की नेखमबंदी मौके पर कमीशनर शुल्क जमा कराकर करें। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली हो, पत्रावली फैसल शुमार हो, दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।<br><br>सहायक कलक्टर<br>(SDO) बायतु | |

राजस्थान–सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बायतु

क्रमांक : वाद / 2022 / 145 दिनांक : – 23/03/2022

| **प्रार्थी** | **बनाम** | **विप्रार्थीगण** |
|---|---|---|
| 1. अमराराम पुत्र दलाराम,<br>जाति जाट, निवासी अमरजी की ढाणी,<br>पटवार मण्डल सवाऊ पदमसिंह,<br>तहसील गिड़ा (बाड़मेर) | | 1. नारणाराम पुत्र गुलाराम वगैरा 64,<br>जाति जाट, निवासी अमरजी की ढाणी,<br>पटवार मण्डल सवाऊ पदमसिंह,<br>तहसील गिड़ा (बाड़मेर) |

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

**राजस्व आवेदन संख्या – 184 / 2021**

## आदेश

प्रार्थी के खातेदारी खेत मौजा – अमरजी की ढाणी, पटवार मण्डल – सवाऊ पदमसिंह, तहसील – गिड़ा, जिला– बाड़मेर के खेत खसरा नं. 425, 433 रकबा क्रमशः 3.7312, 10.3518 हैक्टयर भूमि का साधारण सीमाज्ञान करने में राजस्व पटवारी विफल रहें एवं सीमा को लेकर मौके पर तनाजा है। खातेदार को यह अधिकारी है कि वह अपने खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान / नेखमबंदी करा सकता है। लिहाजा प्रार्थी का आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार गिड़ा को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि कमिशनर स्वंय या सहायक कमिशनर से प्रार्थीगण के खातेदारी खेंतो की पक्की नेखमबंदी मौके पर निर्धारित कमिशनीर शुल्क 500 /– जमा कराकर करें तथा पालना रिपोर्ट पेश करें। अपेक्षित होने पर संबधित थानाधिकारी से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

(जगदीश सिंह आशिया)
उपखण्ड अधिकारी बायतु
दिनांकः–

क्रमांक / वाद / 2022 /
**प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है।**

1. तहसीलदार गिड़ा
2. पटवारी हल्का सवाऊ पदमसिंह को भेजकर लेख है कि निर्धारित तारीख को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबंदी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. प्रार्थी श्री अमराराम पुत्र दलाराम,
4. विप्रार्थी श्री नारणाराम पुत्र गुलाराम वगैरा 64,
5. पुलिस थानाधिकारी गिड़ा।

सहायक कलक्टर
उपखण्ड अधिकारी बायतु
(SDO) बायतु